# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 03.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी पहुंचे गढ़वा, थोड़ी देर में गढ़वा बाइपास करेंगे जनता को समर्पित, रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का भी करेंगे लोकार्पण।**
2. **मुहर्रम को लेकर राज्य में विशेष सतर्कता, डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा, सभी जिलों के एसपी को दिये आवश्यक निर्देश।**
3. **साहिबगंज में मालगाड़ी की 18 बोगियां हुई बेपटरी, रेलवे को लाखों के नुकसान की संभावना, राहत और बचाव कार्य जारी।**
4. **कड़ी सुरक्षा के बीच 38 दिनों की वार्षिक अमरनाथ यात्रा शुरु, जम्मू–कश्मीर में पहलगाम और बालतल दोनों मार्गों से यात्रियों को जाने की अनुमति।**
5. **रांची की तनुश्री द्विवेदी का वुशु टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में चयन, जार्जिया के बाटुमी में दिखायेंगी अपनी प्रतिभा।**

**********************

केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी एक दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंच गये हैं। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उतरने के बाद श्री गडकरी हेलीकाप्टर से गढ़वा के लिए रवाना हुए। वे थोड़ी देर पहले गढ़वा पहुंचे हैं। वहां वे गढ़वा बाईपास का लोकार्पण करेंगे और गढ़वा के हूर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। गढ़वा के कार्यक्रम के बाद श्री गडकरी रांची लौटेंगे और रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर जनता को समर्पित करेंगे। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने बताया कि श्री गडकरी राज्य को कई परियोजनाओं की सौगात देंगे।

**********************

राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी जिलों के एसपी और विभिन्न प्रक्षेत्र के डीआईजी के साथ बैठक कर मुहर्रम के मद्देनजर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर बलों की पर्याप्त प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। डीजीपी ने सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने और जुलूस मार्गों का सत्यापन करने का भी निर्देश दिये।

**********************

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 21 जुलाई से संसद का मॉनसून सत्र आयोजित करने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह सत्र 21 अगस्त तक चलेगा। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनज़र 13 और 14 अगस्त को संसद की बैठक नहीं होगी।

**********************

साहिबगंज के बरहरवा में आज सुबह बड़ा रेल हादसा हुआ। यहां एक मालगाड़ी की 18 बोगियां पटरी से उतर गयीं। हालांकि हादसे में जान–माल की क्षति नहीं हुई है लेकिन दुर्घटना में रेलवे को लाखों का नुकसान होने की संभावना जतायी जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रैक में गिट्टी लोड था। मालगाड़ी खड़ी अवस्था में थी। तभी अचानक आगे की और लुढ़क गई और कई डिब्बे एक दूसरे पर चढ़ते चले गये। रेलवे के अधिकारी ने तत्काल में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। राहत कार्य जारी है। दुर्घटना के कारणों फिलहाल पता नहीं चल सका है।

**********************

श्री अमरनाथ जी की 38 दिनों की वार्षिक यात्रा आज सुबह दोनों मार्गों दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के बालतल मार्ग से शुरू हो गई। प्रशासन ने आज तड़के यात्रियों को पवित्र गुफा के लिए दोनों मार्गों से जाने की अनुमति दी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने "बम बम भोले" और "बर्फानी बाबा की जय" के जयकारे लगाए।

**********************

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के सहारे झारखण्ड मछली उत्पादन के क्षेत्र मे अग्रणी राज्य के रूप मे उभरता दिख रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों के मत्स्य पालकों को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ दिया जा रहा, जिससे वे आर्थिक रुप से सशक्त बन रहे हैं। मछली उत्पादन में वृद्धि के साथ ही मछलियों की जाँच और उनमें पाई जानेवाली बीमारियों के उपचार के लिए एक क्लीनिकल लैब की आवश्यकता थी, जिसकी

स्थापना गिरिडीह जिले के डांडीडीह में किया गया है। इसका संचालन एक महिला मत्स्य किसान नेहा कुमारी करती हैं।

*********************

पाकुड जिले में डेंगू और चिकनगुनिया रोग की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। सफाईकर्मियों द्वारा शहरी और ग्रामीण इलाकों में दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से डेंगू जैसी बीमारियों के लक्षण के बारे में भी लोगों को बताया जा रहा है।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट ने आज 11 से 13 वीं कंबाइंड सिविल सर्विसेज परीक्षा के लिए जारी मेरिट लिस्ट को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट की एकल पीठ में विज्ञापन 1/2024 के मेंस एग्जाम के रिजल्ट को चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया था कि जेपीएससी ने जो अंसार शीट का डिजिटल इवेल्यूशन करवाया है, वह सही नहीं है, इसलिए मेरिट लिस्ट को रद्द किया जाए लेकिन अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया।

*********************

किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए बोकारो जिले के उपायुक्त अजय नाथ झा ने किसानों को समेकित खेती करने की सलाह दी है।

*********************

एशियाई बाजारों से मिले मजबूत संकेतों और संभावित भारत–अमेरिका व्यापार समझौते के कारण घरेलू शेयर बाजार सूचकांक–सेंसेक्स और निफ्टी, आज सुबह बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स 199 अंक बढ़कर 83 हजार 609 पर और निफ्टी 56 अंकों के साथ 25 हजार 510 पर पहुंच गया।

*********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 90 हजार सात सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तेरह हजार रुपये प्रति किलो है।

*********************

रांची की होनहार खिलाड़ी तनुश्री द्विवेदी का चयन जार्जिया बाटुमी में होने वाली वुशु प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में हुआ है। प्रतियोगिता एक से छह अगस्त तक होगी। वह 27 जुलाई को बाटुमी के लिए रांची से रवाना होंगी। अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर तनुश्री बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि देश के लिए मेडल जीतना उनका लक्ष्य होगा।

*********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज अस्पताल पहुंचकर पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। राज्यपाल ने वहां उपस्थित चिकित्सकों से श्री लकड़ा के उपचार की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उनके शीघ्रस्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि श्री लकड़ा ने हॉकी के क्षेत्र में देश और राज्य को गौरवान्वित किया है। सम्पूर्ण राज्यवासी उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है।

*******समाप्त********